0912.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रपति-हस्तशिल्प पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान असाधारण कलात्मक निपुणता और भारत की समृद्ध तथा विविध हस्तशिल्प विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। बैतूल जिले के भरेवा कला शिल्पकार बलदेव वाघमारे को वर्ष 2024 के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ आज ऐतिहासिक स्थल खजुराहो स्थित कन्वेंशन सेंटर में सरदार वल्लभभाई पटेल और महाराजा छत्रसाल की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड को शौर्य, पराक्रम और स्वाभिमान की धरती बताते हुए कहा कि आज की कैबिनेट बैठक में क्षेत्र के विकास और प्रगति की नई दिशा तय की जाएगी।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में खजुराहो में मंत्रिपरिषद की बैठक राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन के साथ प्रारंभ हुई। मुख्यमंत्री आज छतरपुर में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र 1 करोड़ 26 लाख लाड़ली बहनों के खातों राशि अंतरित करेंगे।

एसआईआर

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के प्रथम चरण के अंतर्गत गणना पत्रकों के प्रकाशन और प्राप्ति के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की पहचान और सत्यापन के लिए प्रदेश के सभी जिलों के मतदान केन्द्रों पर कल 10 दिसंबर

तक बीएलओ-बीएलए और सहयोगी कार्मिकों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। झाबुआ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना ने बताया कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों—झाबुआ, थांदला और पेटलावद—ने सौ प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है।

<u>डीजीसीए-इंडिगो उड़ान कमी</u>

नागर विमानन महानिदेशालय-डीजीसीए ने हाल ही में उड़ानें बाधित और रद्द होने के मद्देनजर इंडिगो को सभी क्षेत्रों में अपनी उड़ानों में पांच प्रतिशत की कटौती करने के निर्देश दिए हैं। यह रद्दीकरण अधिक मांग और अवृत्ति वाली उड़ानों पर लागू किया गया है और इंडिगो द्वारा किसी क्षेत्र में एकल उड़ान संचालनों से बचने के लिए किया गया है। डीजीसीए ने कहा कि इस साल शीतकालीन अनुसूची के अनुसार एयरलाइन के लिए प्रत्येक सप्ताह में 15 हजार से अधिक उड़ानों की स्वीकृति दी गई थी। इसके अनुसार नवंबर में 64 हजार उड़ानों की उम्मीद थी, लेकिन इंडिगो ने इस अवधि के दौरान 60 हजार से भी कम उड़ानें संचालित कीं।

<u>मौसम</u>

प्रदेश इस समय कड़ाके की ठंड की चपेट में है। उत्तर भारत की बर्फीली पहाड़ियों से आ रही सर्द हवाओं के कारण पूरे प्रदेश में भीषण शीतलहर का प्रकोप बना हुआ है। बीते कई दिनों से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान लगातार गिर रहा है। कल प्रदेश में सबसे न्यूनतम तापमान शहडोल जिले के कल्याणपुर में 4 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, जबलपुर, सिवनी और शहडोल जिलों के लिए कोल्ड वेव अलर्ट जारी किया है, जबकि नरसिंहपुर जिले के लिए कोल्ड डे की चेतावनी दी गई है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- जबलपुर जिले में 2 सरपंच और 172 पंचों के उपचुनाव के लिए दिसंबर के अंतिम सप्ताह में मतदान होगा। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अधिसूचना जारी की है।
- नर्मदापुरम में कृषि विभाग के उप संचालक को कल देर शाम लोकायुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा।
- सीहोर जिले में मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश के चयनित विद्यार्थियों को विशेष ट्रेन द्वारा गुजरात भ्रमण पर भेजा जा रहा है।

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के संयुक्त प्रयास से भोपाल के एक निजी कॉलेज में कल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के आठवें संस्करण का शुभारंभ हुआ।